प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

<u>प्रसारण तिथि : 25.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे</u>

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. पूरे ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराने की अपील को वाराणसी की जिला अदालत ने आज किया खारिज : फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जायेंगे वादी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज में 940 करोड़ रूपए की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण।
3. 9 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आज हुई समाप्त : 30 अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे नाम।
4. मेरठ और सहारनपुर में अलग–अलग मालगाड़ियों के कई डिब्बे पटरी से उतरे : हादसे के कारण कई ट्रेनों का रूट बदला, घटना की जांच शुरू।
5. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक आज मथुरा के परखम में हुई शुरू : सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले बैठक में शामिल।

———————

वाराणसी की ज़िला अदालत ने आज पूरे ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से अतिरिक्त सर्वे कराने की अपील को खारिज कर दिया। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक युगुल शंभू की अदालत ने आज यह फैसला सुनाया। वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने सात फरवरी 2024 को ज़िला अदालत में इस संदर्भ में प्रार्थना पत्र दिया था। सभी पक्षो की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित कर लिया था। फैसले पर मामले के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने कहा कि फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में जाएंगे।

<u>*ज्ञानवापी का प्रकरण में एसआई सर्वे की मांग की गई थी, जो कि सिविल जज सीनियर डिवीजन के द्वारा खारिज कर दी गई है और इस विषय पर हमारा विकल्प ये है कि हम है कोर्ट में अपील करेंगे। क्योंकि हमारी मांग है कि एसआई सर्वे की मांग माननीय न्यायालय के पटल पर आए।*</u>

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज में 940 करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाओ का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने कई विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, चाबी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री योगी ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को टैबलेट और विभिन्न विभागों में नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी बांटे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बेहतरीन कनेक्टिविटी और शानदार कानून व्यवस्था से बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। बाइट.....

*यह आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिये हम सब के स्तर पर क्या प्रयास होना चाहिए? यह आज के अवसर पर आत्मावलोकन की आवश्यकता है। यह आप के लिये सरकार अपना कार्य कर रही है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार। सरकार मिल करके अपने–अपने कार्य को आगे बढ़ा रही है, लेकिन इसमें केवल सरकार की ही जिम्मेदारी है। हमारे स्थानीय निकायों की समितियों का, ग्राम पंचायतों की और आम नागरिक।*

कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आए बदलाव के कारण पूरे देश में उत्तर प्रदेश की सशक्त पहचान बनी है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्यौहारों के मद्देनजर अट्ठाइस अक्टूबर से पन्द्रह नवम्बर तक प्रदेश भर में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति करने के निर्देश दिये हैं। कल लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि धनतेरस, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक चौबीस घंटे अनवरत बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखने के लिए हर जिले में टीमें तैनात करने के निर्देश भी दिए हैं।

———————

उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज समाप्त हो गई। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। इन सीटों पर मतदान 13 नवम्बर को होगा। आज आखिरी दिन अलग अलग सीटों के लिए विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। प्रयागराज में फूलपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने पर्चा भरा। इस मौके पर भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। अम्बेडकरनगर के कटेहरी सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने पर्चा दाखिल किया। मैनपुरी जिले के करहल सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव ने नामांकन किया। मिर्जापुर जिले के मझवां सीट से भाजपा प्रत्याशी सुचिष्मिता मौर्य, सपा से ज्योति बिंद समेत कुल आठ लोगों ने नामांकन दाखिल किया। मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर सीट से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी मिथिलेश पाल ने पर्चा भरा। इस मौके पर प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

———————

राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अब जिलाधिकारी और मंडलायुक्त के कार्यक्षेत्र में निवेश की प्रगति और उनके प्रयासों को मॉनिटर किया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में कहा कि डीएम और कमिश्नर की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में उनके कार्यक्षेत्र में हुए निवेश और लोन संबंधी प्रगति का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। इसके आधार पर अधिकारियों को ग्रेडिंग दी जाएगी, जिससे उनकी परफॉर्मेंस का निष्पक्ष मूल्यांकन हो सकेगा। इस प्रक्रिया को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य होगा। बाइट.....

*पिछले लगभग साढ़े 7 साल में सरकार ने साढ़े 7,00,000 लोगों को सरकारी नौकरी दी है, लेकिन पूरे देश में जो वर्किंग एज पापुलेशन होती है उसकी मात्र 3ः लोग सरकारी नौकरी में है जो ग्लोबल यूनिवर्सिटी समिट सरकार ने आयोजित किया था। उसमें लगभग 40,00,000 करोड़ के निवेश आए हैं और उसमें डेढ़ करोड़ लोगों की नौकरी संभावित है और निहित है। इन निवेशकों को पूरी रफ्तार के साथ ग्राउंड में उतारा जाए।*

———————

आज सुबह मेरठ सिटी स्टेशन पर एक मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। वहीं सहारनपुर में पंजाब से बामनहेड़ी जा रही एक अन्य मालगाड़ी के दो डिब्बे भी आज पटरी से उतर गए। यह हादसा सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते है अम्बाला से डीआरएम समेत आला अधिकारी सहारनपुर पहुंचे। घटना के कारण कई ट्रेनों को रूट बदलकर रवाना किया गया। डीआरएम अम्बाला डिवीजन मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बाइट..........

*गुरु हर्षा है से लोड हुआ था और दिल्ली के सी डब्ल्यू सी में जा रहा था। इसका उनतीसवां और तीसवां वैगन इंजन से आठवां से डिरेल हुआ है। ये डिरेलमेंट करीब रिपोर्ट हुआ था। 7रू00 बजे और 11रू05 में हम लोगों ने रिटेलमेंट कर दिया है। वजह हम लोगों ने एनक्विरिएस के लिए नियुक्त किए। प्राइम।*

———————

मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी और भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या को जोड़ने के लिये केन्द्र सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। धार्मिक महत्व वाले इन दोनों स्थानों के बीच दो सौ छप्पन किलोमीटर लम्बी रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने कल यह फैसला लिया। नरकटियागंज—रक्सौल, सीतामढ़ी—दरभंगा और सीतामढ़ी—
मुजफ्फरपुर खण्ड के दो सौ छप्पन किलोमीटर लम्बी रेल लाइन के दोहरीकरण पर चार हजार पांच सौ तिरपन करोड़ रूपये खर्च होंगे।

———————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की दो दिवसीय बैठक आज मथुरा के गऊ ग्राम, परखम में शुरु हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। सर संघचालक मोहन भागवत के नेतृत्व में बैठक के पहले दिन आगामी कार्य योजनाओं पर मंथन हुआ, जिसके बाद नौ बिंदुओं का एजेंडा तय किया गया। इसे लागू करने की ज़िम्मेदारी नौ पदाधिकारियों को सौंपी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 की विजयादशमी को संघ विशेष रूप से मनाएगा।

*संघ शताब्दी विस्तार की जो योजना संघ ने बनाई है उसकी समीक्षा संघ शताब्दी वर्ष में और अगले वर्ष 2025 की विजयदशमी में किस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करना और पूरे वर्ष भर में समाज तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए।*

———————

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के पास मौजूद अन्नपूर्णा मंदिर में धनतेरस से अन्नकूट महोत्सव तक भक्तों में सिक्कों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु दरबार में पांच दिनों तक माता के स्वर्णमयी विग्रह मां अन्नपूर्णा और रजत महादेव के दर्शन कर सकेंगे। आज एक पत्रकार वार्ता में महंत शंकर पुरी ने इस बारे में जानकारी दी। बाइट.....

*प्राचीन अन्नपूर्णा मंदिर है, जहां पर साल में पांच दिन माता अन्नपूर्णा का दर्शन होता है। आम भक्तों के लिये 5 बजे से मंदिर के कपाट खोल दिये जायेंगे। पहले दिन माताजी का खजाना मिलेगा, उसमें लावा मिलेगा और पैसा मिलेगा और अनेक प्रकार रत्न या अनेक धातुओं के खजाने में जो सिक्के होते है वह पब्लिक में बांटे जाते है। इस बार 5 दिन मंदिर खोला जायेगा। 29 तारीख से लेकर 2 तारीख तक। 2 तारीख को माता अन्नपूर्णा माता का अन्नकूट है जिसमें 56प्रकार का भोग लगाया जायेगा। लगभग 511 से 516 कुन्टल के बीच में प्रसाद बनाया जा रहा है।*

———————